श्रीमती पृ.641
18/10/13

# परिष्कार कॉलेज ऑफ ग्लोबल एक्सीलेंस

(सरोकार संस्थान द्वारा संचालित)
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर से सम्बद्ध एवं राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त
शिप्रा पथ, सविल अस्पताल के पीछे, मानसरोवर, जयपुर–302020
फोन नं. – 0141–2782252, 2782239, 9929331116
E-mail : parishkarcollege@yahoo.co.in, Website : www.parishkar.org

प्राचार्य,
समस्त सरकारी एवं निजी महाविद्यालय,
(जहाँ NSS की इकाई कार्यरत है)

विषय: युवा कौशल विकास प्रकोष्ठ (राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ) कॉलेज शिक्षा के तत्वावधान में राज्य स्तरीय वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन।

महोदय,

कार्यालय आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान के पत्र क्रमांक प. 9 (बैठक) एन एस एस/नि का शि/13/476 दिनांक 17 सितम्बर, 2013 की अनुपालना में दिनांक 28 अक्टूबर, 2013 को प्रातः 10.00 बजे "सोशियल नेटवर्किंग साइट्स : वरदान या अभिशाप?" विषय पर राज्य स्तरीय वाद–विवाद प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

उक्त वाद–विवाद प्रतियोगिता से सम्बद्ध प्रमुख नियम निम्न हैं–

1. यह प्रतियोगिता राज्य स्तर की होगी जिसमें राजस्थान के सरकारी एवं गैर–सरकारी महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना के दो स्वयंसेवक एक पक्ष तथा एक विपक्ष में भाग ले सकेंगे।
2. प्रत्येक वक्ता को अधिकतम 5 मिनट का समय देय होगा। प्रथम वक्ता को अंत में 2 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जा सकेगा।
3. पुरस्कार की राशि निम्न प्रकार होगी–
   प्रथम पुरस्कार 2000.00
   द्वितीय पुरस्कार 1500.00
   तृतीय पुरस्कार 1000.00
4. निर्णायकों का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
5. अपनी स्वीकृति की सूचना 22 अक्टूबर, 2013 सायं 5.00 बजे तक दूरभाष 0141–2782252, 2782239, 8875008830, 31, 32, E-mail parishkarcollege@yahoo.co.in तथा पत्र के द्वारा भी आवश्यक रूप से प्रेषित करें ताकि आवास, भोजन सम्बन्धी आवश्यक इन्तजाम किये जा सकें।
6. आपकी प्रतियोगिता में भाग लेने की स्वीकृति की सूचना, समय पर प्राप्त होने के बाद ही समन्वयक युवा कौशल विकास प्रकोष्ठ, राज्य सरकार जयपुर को प्रेषित की जा सकेगी।
7. सभी प्रतिभागियों को समन्वयक, युवा कौशल विकास प्रकोष्ठ, राज्य सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिये जाएँगे।
8. परिष्कार कॉलेज ऑफ ग्लोबल एक्सीलेंस द्वारा किसी भी प्रतिभागी अथवा एन.एस.एस प्रभारी को कोई भी भत्ता देय नहीं होगा।

प्राचार्य
(डॉ. आलोक कुमार चतुर्वेदी)

विशेष: अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें–
डॉ. अक्षिता सिंह (8875008831)
हर्षवर्धन सिंह (9649486363)

**राजस्थान सरकार**
**शिक्षा–विभाग**
**निदेशालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर**

क्रमांकः एफ 9 (बैठक )अकाद/निकाशि/एनएसएस/2013/567 दिनांकः 18 अक्टूबर, 2013

प्रतिलिपि डॉ. धीरेन्द्र देवर्षि को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

(डॉ. राजेश शुक्ला)
संयुक्त– निदेशक (अकादमी)

Kanoria
PG Mahila
Mahavidyalaya
Jaipur

Ref. No.

Date

श्रीमती पुष्पा
15/10/13

प्रतिष्ठा में,
प्राचार्य
समस्त सरकारी व गैर सरकारी महाविद्यालय,
(एन.एस.एस. से संबन्धित), राजस्थान।

विषयः— निदेशालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर के तत्त्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि निदेशालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर में 'General Awareness about Rajasthan' संबन्धित विषय पर एक राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 29 अक्टूबर, 2013 को किया जा रहा है। अतः आपके महाविद्यालय से राष्ट्रीय सेवा योजना के 2 स्वयंसेवकों की टीम को उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु भेजने की कृपा करें।

प्रतियोगिता का विवरण :—
दिनांक — 29 अक्टूबर, 2013
समय — 12.00 बजे
स्थान — कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय (ऑडिटोरियम)
रजिस्ट्रेशन का समय — 11.00 बजे

पुरस्कार की राशि :—
प्रथम पुरस्कार — 2000/—
द्वितीय पुरस्कार — 1500/—
तृतीय पुरस्कार — 1000/—
सभी प्रतिभागियों को प्रमाण—पत्र वितरित किये जायेंगे।

नोट :— 1. प्रतिभागियों के ठहरने की व्यवस्था महाविद्यालय द्वारा एक सप्ताह पूर्व सूचना पर ही की जायेगी। अतः अपने आगमन की सूचना प्रेषित करें।
2. प्रतियोगियों की सूची संलग्न प्रारूप के अनुसार महाविद्यालय में 19 अक्टूबर, 2013 तक आवश्यक रूप से भिजवायें।
3. सम्पर्क :— डॉ. सुनीता गंगवाल (9672753877), डॉ. नीतू माथुर (9828544080)
4. www.kanoriacollege.in पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।

सधन्यवाद।

भवदीया,

प्राचार्या

**राजस्थान सरकार**
**शिक्षा—विभाग**
**निदेशालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर**

क्रमांकः एफ 9 (बैठक )अकाद/निकाशि/एनएसएस/2013/568 दिनांकः 18 अक्टूबर, 2013

प्रतिलिपि डॉ. धीरेन्द्र देवर्षि को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

(डॉ. राजेश शुक्ला)
संयुक्त— निदेशक (अकादमी)

# राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (2013–14)

(दिनांक 29.10.2013)

**"General Awareness About Rajasthan"**

महाविद्यालय का नाम – ..............................................................................................

प्रतियोगी का नाम – 1. ..............................................................................................

2. ..............................................................................................

कक्षा – ..............................................................................................

आगमन का समय – ..............................................................................................

हस्ताक्षर मोहर सहित
कार्यक्रम अधिकारी / प्राचार्य

---


# राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (2013–14)

(दिनांक 29.10.2013)

**"General Awareness About Rajasthan"**

महाविद्यालय का नाम – ..............................................................................................

प्रतियोगी का नाम – 1. ..............................................................................................

2. ..............................................................................................

कक्षा – ..............................................................................................

आगमन का समय – ..............................................................................................

हस्ताक्षर मोहर सहित
कार्यक्रम अधिकारी / प्राचार्य

Dr. Shaila Mathur 15/10/2013

Telephone & Fax No. 01423-26582

# कार्यालय प्राचार्य, आर.एल.सहरिया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कालाडेरा

क्रमांक एफ-( ) स्था / स्काका / 13 / 1467 दिनांक:- 15-10-2013

संयुक्त निदेशक (अकादमी)
निदेशालय कॉलेज शिक्षा
राजस्थान जयपुर।

विषय :- राज्य स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता के आमंत्रण पत्र को वेबसाइट पर अपलोड करवाने बाबत।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि निर्देशानुसार इस महाविद्यालय में दिनांक 13 नवम्बर 2013 को राज्यस्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी कालाडेरा महाविद्यालय में ही उपस्थित होकर निबन्ध प्रतियोगिता लेखन करेंगे। इस हेतु आमंत्रण पत्र महाविद्यालयों को भिजवा दिये गये है। आमंत्रण पत्र की प्रति संलग्न कर निवेदन है कि निदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड करवाने का श्रम करावें।

सधन्यवाद।

भवदीय

(डॉ. रणजीत सिंह)
प्राचार्य
आर.एल.सहरिया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
कालाडेरा (जयपुर)

**राजस्थान सरकार**
**शिक्षा–विभाग**
**<u>निदेशालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर</u>**

क्रमांकः एफ 9 (बैठक )अकाद / निकाशि / एनएसएस / 2013 / 569 दिनांकः 18 अक्टूबर, 2013

प्रतिलिपि डॉ. धीरेन्द्र देवर्षि को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

**(डॉ. राजेश शुक्ला)**
**संयुक्त– निदेशक (अकादमी)**

# ''अनुशासन ही सफलता की कुंजी है।''

अनुशासन एक ऐसी प्रवृत्ति या संस्कार है जिसको अपनाकर व्यक्ति अपने जीवन की सर्वोत्तम कामयाबियाँ हासिल कर सकता है। अनुशासन व्यक्ति के व्यक्तित्व में ऐसे श्रेष्ठ गुणों का सृजन करता है जिनके द्वारा व्यक्ति स्वयं और राष्ट्र उन्नति की ओर अग्रसर होता है। अनुशासन राष्ट्रीय जीवन का प्राण है, अर्थात् राष्ट्रीय जीवन के हर पहलू यथा परिवार, समाज, राज्य, राष्ट्र एवं अन्तर्राष्ट्रीय इन सभी स्तरों के साथ–साथ शिक्षा, राजनीति, धर्म एवं सेना आदि के विकास एवं उत्थान में अत्यन्त महत्व रखता है। अनुशासित विद्यार्थी एवं नागरिक एक अनुशासित समाज का निर्माण करते हैं जो अपनी सभ्यता व संस्कृति के दायरे में रहते हुए नवाचारों की ओर प्रयत्नशील रहते हैं। अनुशासन से मनुष्य के जीवन में धैर्य, समझदारी, कर्तव्यनिष्ठा, त्याग व सहिष्णुता के गुणों का सृजन होता है जिससे प्रेरित होकर व्यक्ति हमेशा सफलता के नये आयाम स्थापित करता है। इसीलिए मानव जीवन की सफलता का एक मात्र मंत्र अनुशासन ही है।

### राज्य स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता आयोजन समिति

| | | |
|---|---|---|
| डॉ. रणजीत सिंह | संरक्षक एवं प्राचार्य | 9414779558 |
| डॉ. आर. के. दुलार | संयोजक | 9414322185 |
| डॉ. एस. के जैन | सदस्य | 9414522445 |
| डॉ. सम्पत राम रैगर | आयोजन सचिव | 9928016075 |
| डॉ. शंकर लाल चौपड़ा | सदस्य | 9460067081 |
| डॉ. श्रीमती रजनी शर्मा | सदस्य | 9460670757 |

# राज्य स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता 2013–2014

## विषय –''अनुशासन ही सफलता की कुंजी है।''

**प्रतियोगिता में भाग लेने के नियम–**

1. प्रतियोगिता में राजस्थान राज्य में स्थापित विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के वर्तमान में कार्यरत स्वयंसेवक ही भाग लेने के पात्र होंगे।
2. राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रत्येक इकाई से अधिकतम एक स्वयंसेवक ही भाग ले सकेगा।
3. स्वयंसेवक को अपना निबन्ध आर. एल. सहरिया राजकीय महाविद्यालय, कालाडेरा में उपस्थित होकर ही लिखना होगा। डाक द्वारा भेजे गये निबन्ध स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
4. निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 13 नवम्बर, 2013 को दोपहर 12 बजे से 2.00 बजे तक होगा। सहभागी 11.00 बजे तक महाविद्यालय में उपस्थित होकर अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर लेवें।
5. निबन्ध की अधिकतम शब्द सीमा 2500 होगी।
6. प्राचार्य सहभागियों की सूची दिनांक 11 नवम्बर, 2013 तक डाक/ई मेल द्वारा आवश्यक रूप से भिजवायें।
7. सहभागी को अपना महाविद्यालय परिचय पत्र व प्राचार्य द्वारा भाग लेने हेतु अधिकृत करने एवं एनएसएस का स्वयंसेवक होने का प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
8. दूरस्थ महाविद्यालयों से आने वाले सहभागियों के लिए रात्रि विश्राम की व्यवस्था महाविद्यालय में की गई है।

## प्रतियोगिता पुरस्कार

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | रूपये 2000/– |
| द्वितीय पुरस्कार | रूपये 1500/– |
| तृतीय पुरस्कार | रूपये 1000/– |

**प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतियोगियों को सहभागिता का प्रमाण–पत्र दिया जावेगा।**

नोट – कालाडेरा महाविद्यालय जयपुर से 45 किमी तथा चौमूं से रेनवाल रोड पर 10 किमी की दूरी पर स्थित है।